Daily COVID-19 Updates

09 July, 2020



COVID-19 Tracker

As on 9th July, till 8 AM

Confirmed Cases	767,296	(▲24,879)
Active Cases	269,789	(▲4,845)
Cured*	476,378	(▲19,547)
Deaths	21,129	(▲487)



Statewise - Confirmed Cases (6000+)



Cured vs. Deaths



*One migrated case is included in Cured

*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs

@COVIDNewsByMIB

आरोग्य सेतु एप बना भारतीयों का रक्षक

भारत सरकार ने 02 अप्रैल, 2020 को कोविड-19 महामारी के रोकथाम की अनेकानेक कोशिशों में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आरोग्य सेतु मोबाइल ऐप लांच किया, जिसका उद्देश्य ब्लूटूथ पर आधारित किसी से संपर्क साधने, संभावित हॉटस्पॉट्स का पता लगाने और कोविड-19 के बारे में प्रासंगिक जानकारी देना है। 26 मई की तारीख तक इस ऐप के 114 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ता हैं जो दुनिया में किसी भी अन्य संपर्क साधने वाले ऐप के उपयोगकर्ताओं से ज्यादा है। यह ऐप 12 भाषाओं और एंड्रॉयड, आईओएस एवं केएआईओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। देशभर में नागरिक आरोग्य सेतु ऐप का इस्तेमाल अपने आपको, अपने चाहने वालों और राष्ट्र को सुरक्षित रखने के लिए कर रहे हैं। बहुत से युवा इस ऐप को अपना अंगरक्षक भी मानते हैं।

इस आरोग्य सेतु की प्रमुख खासियत पारदर्शिता, निजता तथा सुरक्षा रहा है और भारत की ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर नीति की तर्ज पर आरोग्य सेतु के सोर्स कोड को अब सार्वजनिक कर दिया गया है। इस एप्लीकेशन के एंड्रॉयड वर्जन के लिए सोर्स कोड को समीक्षा और सहकार्य के लिए https://github.com/nic-delhi/AarogyaSetu_Android.git.The पर उपलब्ध करा दिया गया है। इस एप्लीकेशन के आईओएस वर्जन को अगले 2 सप्ताह के भीतर ओपन सोर्स के रूप में जारी कर दिया जाएगा और इसके बाद सर्वर कोड को भी जारी कर दिया जाएगा। आरोग्य सेतु ऐप के लगभग 98% उपयोगकर्ता अभी एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म पर हैं।

डेवलपर समुदाय के लिए सोर्स कोड को सार्वजनिक कर देना हमारे पारदर्शिता और सहयोग के सिद्धांत के प्रति अनवरत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आरोग्य सेतु का विकास सरकार, उद्योग, शिक्षा जगत और नागरिकों के बीच सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह हमारे देश के प्रतिभावान युवा प्रौद्योगिकीय विशेषज्ञों के कठिन मेहनत का फल भी है जिन्होंने इस विश्व स्तरीय उत्पाद को बनाने के लिए रात दिन काम किया है। आम लोगों (पब्लिक डोमेन) के लिए इस सोर्स कोड

को जारी करने के साथ ही हम सहयोग बढ़ाने और प्रतिभावान युवाओं और देश के नागरिकों के बीच मौजूद सर्वोच्च प्रौद्योगिकीय विशेषज्ञता का लाभ उठाने और सामूहिक रूप से इस महामारी का मुकाबला मिलकर करने में शामिल अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों के काम में मदद करने के लिए एक मजबूत और सुरक्षित प्रौद्योगिकी समाधान बनाने की दिशा में अग्रसर है।

यह ऐप कोविड-19 के खिलाफ विशेषताओं का एक समग्र समूह है और यह अपने लॉन्च के 8 सप्ताह के भीतर कई मामलों में प्रथम साबित हुआ है। जब हम लाक्षणिक खाका बनाते हुए इस महामारी विज्ञान के नए आंकड़ों को देखते हैं तो वैश्विक स्तर पर कोविड-19 के संक्रमितों से संपर्क साधने और स्वयं आकलन करने के अन्य संसाधनों की तुलना में इस ऐप की पहुंच और प्रभाव संभवतः सबसे अधिक है। इस ऐप के 114 मिलियन से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ताओं में से दो-तिहाई उपयोगकर्ताओं ने खुद ही कोविड-19 का शिकार होने के जोखिम का पता लगाने के लिए अपना आकलन परीक्षण किया। इसके लगभग 500,000 ब्लूटूथ संपर्कों की पहचान करने में मदद मिली है। जिन लोगों की पहचान कोविड-19 पॉजिटिव मामलों के ब्लूटूथ संपर्क या जिनका उनके आकलन के आधार पर मदद पहुंचाने की जरूरत के रूप में वर्गीकृत किया गया, उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण संपर्क करता है। अब तक इस ऐप ने 9,00,000 से अधिक उपयोगकर्ताओं तक संपर्क साधा और उन्हें क्वॉरेंटाइन होने, सावधानियां बरतने और जांच कराने की सलाह देने के रूप में मदद की। कोविड-19 के लिए जांच कराने हेतु जितने लोगों को इस ऐप के जरिए सलाह दी गई उनमें से लगभग 24% लोगों में कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया। इसकी तुलना 26 मई की तारीख तक कुल 31,26,119 लोगों की जांच में से 1,43,380 लोगों में कोविड-19 पॉजिटिव यानी कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने की दर कुल मिलाकर लगभग 4.65% से की जा सकती है। इससे साफ है कि संपर्क साधने के इस ऐप से उन लोगों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है जिन्हें जांच कराने की जरूरत है और इस तरह इस महामारी को काबू करने के लिए सरकारी प्रयासों में तेजी लाने में मदद मिल रही है।

Positive India:

1. कोरोनावायरस ने मुंह की खाई, श्रमिक से मालिक बन गए दो भाई- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-shrugs-two-brothers-become-laborers-to-boss-jagran-special-20491184.html

2. विदेश से अब तक 5 लाख 80 हजार से अधिक भारतीयों को वापस लाया गया : MEA- https://www.jagran.com/news/national-more-than-5-lakh-80-thousand-indians-were-brought-back-from-abroad-so-far-mea-said-20491953.html

3. स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, जनसंख्या के हिसाब से भारत में कोरोना संक्रमण की स्थिति बेहतर- https://www.jagran.com/news/national-regarding-corona-crisis-health-ministry-said-corona-infection-reduced-in-india-according-to-population-20491481.html

4. Positive India: IIT हैदराबाद के इस स्टॉर्टअप की पहल से अफोर्डेबल कीमत पर मिलेंगे इलेक्ट्रिक वाहन- https://www.jagran.com/news/national-iit-hyderabad-startup-initiative-will-provide-electric-vehicles-at-an-affordable-price-20490917.html

5. India Global Week 2020: कोरोना वैक्सीन विकसित करने में भारत की होगी अहम भूमिका - PM मोदी- https://www.jagran.com/news/national-live-pm-modi-speech-in-india-global-week-2020-pm-modi-to-deliver-inaugural-address-20491087.html

6. India Coronavirus News: सात लाख 67 हजार से ज्यादा मामले, 62.08 फीसद मरीज ठीक हुए- https://www.jagran.com/news/national-india-coronavirus-news-cases-cross-seven-lakh-67-thousand-mark-and-more-than-four-lakh-63-thousand-recovered-20490982.html

7. सिप्ला ने भी भारत में लांच किया रेमडेसिविर का जेनेरिक वर्जन, बाकी दुनिया से कम रखी कीमत- https://www.jagran.com/news/national-pharma-firm-cipla-launches-generic-version-of-remdesivir-in-india-20489642.html

8. कोरोना का टीका: कोवैक्सीन के मानव परीक्षण की तैयारियां शुरू, कुछ दिनों में 12 अस्पतालों में परीक्षण आरंभ हो जाएंगे- https://www.livehindustan.com/national/story-corona-vaccine-updates-preparations-for-human-trials-of-co-vaccine-begin-testing-will-begin-in-12-hospitals-in-a-few-days-3337446.html

9. हवा में वायरस से सभी को कोरोना के संक्रमण का खतरा नहीं, CSIR के वैज्ञानिक बोले- घबराने की कोई जरूरत नहीं- https://www.livehindustan.com/national/story-csir-scientists-said-no-risk-of-corona-infection-from-virus-in-air-no-need-to-panic-3337349.html

10. दिल्ली में सुधरे कोरोना के हालात पर गृह मंत्रालय ने जताई खुशी, कहा-टेस्ट बढ़ने के बावजूद केस नियंत्रण में- https://www.livehindustan.com/ncr/story-covid-19-situation-in-delhi-shows-remarkable-improvement-mha-3337972.html

11. PM बोले- इकॉनमी से लेकर कोरोना के खिलाफ जंग तक में लीड करेगा भारत- https://www.livehindustan.com/national/story-pm-narendra-modi-speech-at-india-global-week-2020-inauguration-3337651.html

12. कोरोना के मामले 7.5 लाख के पार होने पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन बोले- देश में नहीं है कम्युनिटी ट्रांसमिशन- https://www.livehindustan.com/national/story-health-minister-harsh-vardhan-said-experts-again-stated-that-there-is-no-community-transmission-in-india-3337596.html

13. अमेरिका में होगा कोरोना से बचाव के लिए आयुर्वेदिक दवाओं का क्लिनिकल परीक्षण- https://www.livehindustan.com/national/story-clinical-trials-of-ayurvedic-medicines-will-be-started-in-america-to-prevent-coronavirus-3337604.html

India Fights Corona (Updates):

भारत में पिछले 24घंटों में कोरोना वायरस के सर्वाधिक 24,879मामले सामने आए और 487 मौतें हुईं। देश में अब COVID19 पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 7,67,296 है जिसमें 2,69,789 सक्रिय मामले, 4,76,378ठीक/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले, 21,129 मौतें शामिल हैं:स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

8 जुलाई(कल) तक कोरोना वायरस के लिए कुल 1,07,40,832 सैंपल का टेस्ट किया गया। इनमें से 2,67,061 सैंपल का टेस्ट कल किया गया: भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

राजस्थान में आज कोरोना वायरस के 149 नए मामले सामने आए हैं और 7 मौतें हुई हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 22,212 है जिसमें 4,846 सक्रिय मामले और 489 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

आज हमारा रिक्वरी रेट 62.08% है, हमारी मृत्यु दर दुनिया में सबसे कम 2.75 प्रतिशत है। हमारा डबलिंग रेट 21.8 दिन है। विशेषज्ञों ने बताया कि भारत में आज तक कोई कम्यूनिटी ट्रांसमिशन नहीं हुआ है: मंत्रियों के समूह(GoM) की बैठक के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन

हिमाचल प्रदेश में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या अब 1,101 है, सक्रिय मामलों की संख्या 256 है। अब तक कुल 821 मरीज़ कोरोना वायरस से ठीक हुए हैं। कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का आंकड़ा 9 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

विश्व में पांच सबसे अधिक प्रभावित देशों की तुलना में दिखाया गया कि भारत में प्रति दस लाख की जनसंख्या पर सबसे कम केस (538) हैं और मौतें (15) हैं जबकि वैश्विक औसत 1,453 (कोरोना वायरस के मामलों) और 68.7 (मौतों का) है: भारत सरकार

एक तरफ भारत लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर वैश्विक महामारी के साथ लड़ रहा है, दूसरी ओर हमारा इतना ही ध्यान देश की अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य पर भी है: इंडिया ग्लोबल वीक 2020 के उदघाटन भाषण में प्रधानमंत्री

आज हमारी कंपनियां कोविड-19 की दवाई बनाने और उसका उत्पादन करने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में सक्रिय हैं। मुझे यकीन है कि भारत दवाई बनाने में और बन जाने के बाद उसका उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा: इंडिया ग्लोबल वीक 2020 के उदघाटन भाषण में प्रधानमंत्री

बिहार में आज 704 नए COVID19 पॉजिटिव मामले रिपोर्ट किए गए, इसी के साथ कुल मामलों की संख्या 13,978 हुई। अब तक कुल 9,541 लोग रिकवर हुए: राज्य स्वास्थ्य विभाग

पिछले 24 घंटों में 1248 नए मामले सामने आए हैं। एक्टिव केस की कुल संख्या 10373 हो गई है। पूरी तरह ठीक होकर डिस्चार्ज लोगों की संख्या 21127 हो गई है। अब तक कोरोना से 862 लोगों की मौत हुई है: यूपी के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद

कल प्रदेश में 32,826 सैंपल्स की जांच की गई। अब तक प्रदेश में कुल 10,36,106 सैंपल्स की जांच की जा चुकी है: यूपी के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद

WHO की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार आज भारत में 538 केस प्रति मिलियन हैं। वहीं कुछ देशों की प्रति मलियन केसों की संख्या भारत से 16-17 गुना ज्यादा है। भारत में प्रति मिलियन पर मौत की संख्या 15 है: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी राजेश भूषण

रिकवर केस और एक्टिव केसों के बीच का गैप अब लगातार बढ़ता जा रहा है। भारत में अभी 476378 रिकवर केस और 269789 एक्टिव केस हैं: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी राजेश भूषण

8 जुलाई तक दिल्ली में 6,79,831 COVID19 टेस्ट किए गए यानि प्रति 10 लाख की आबादी पर 35,780 टेस्ट। 9 जुलाई को दिल्ली में लगभग 23452 एक्टिव केस हैं और रिकवरी दर 72% से अधिक है। डबलिंग रेट लगभग 30 दिन हो गया है: पुण्य सलिला श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय

इस वक्त विश्व में 100 से अधिक वैक्सीन कैंडिडेट हैं जो अलग-अलग ट्रायल स्टेज पर हैं।भारत बायोटैक इंटरनेशनल लिमिटेड ICMR के साथ मिलकर और कैडिला हेल्थ केयर 2 स्वदेशी वैक्सीन बना रहे हैं। दोनों ने एनिमल टॉक्सिसिटी स्टडी पूरी कर ली है:स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय OSD राजेश भूषण

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन करने के आह्वान की सार्थकता

वर्तमान महामारी का समय अपने साथ कई अन्य प्रकार की समस्याएं भी लेकर आया है। कोरोना महामारी से बचाव के लिए अमल में लाए गए लॉकडाउन के कारण जीविका को बहुत नुकसान पहुंचा है। इसके संक्रमण से जिंदगी को बचाने के साथ आजीविका के बचे रहने की चुनौती भी है। आजीविका की चुनौती आज बीमारी के संक्रमण से शायद ज्यादा बड़ी हो गई है। देश के बड़े-बड़े अर्थशास्त्रियों को भी इसका समाधान खोजने में पसीने छूट रहे हैं। पिछले कई दशकों से एक ही ढर्रे पर चल रही अर्थव्यवस्था में व्यावहारिक बदलाव कर पाना बहुत मुश्किल हो रहा है। श्रम, उत्पादन और बाजार के आधार शहरों को हाईवे या एक्सप्रेस हाईवे से जोड़ती अर्थव्यवस्था की कड़ियां अब टूट रही हैं। इसलिए अब इनसे नीचे उतरकर उपयोगिता आधारित अर्थव्यवस्था के विकास से रोजगार और समृद्धि के नए सपनों को पूरा करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि झारखंड के जंगलों की पगडंडियां विकास के इस नए मॉडल के साथ इंतजार कर रही हैं। विकास भारती की स्थापना के साथ ही धरती रक्षा वाहिनी के प्रयोगों के माध्यम से यह महसूस हुआ कि झारखंड का हर गांव अर्थव्यवस्था की वैकल्पिक धुरी बनने की क्षमता रखता है। बड़ी बात यह कि इसके लिए निवेश और बाजार खोजने की भी जरूरत नहीं है। जंगलों के फल, फूल, पंखुड़ियों, पत्तों, जड़ों और छालों की उपयोगिता को समझ कर प्रकृति को बिना कोई नुकसान पहुंचाए उससे मांगने की आवश्यकता है। एक ओर जहां यह बाहर से भारी-भरकम खर्च पर आने वाले उत्पादों की आवश्यकता को कम कर खर्च की बचत करेगा, वहीं स्थानीय खपत का बाजार भी विकसित करेगा। यहां तक कि प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाने की ओर अग्रसर हो रही दुनिया के लिए संसाधन का बड़ा स्रोत भी विकसित करेगा।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-meaningfulness-of-pm-modi-call-to-encourage-more-and-more-local-products-jagran-special-20490970.html

Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey